UUHP6CM

# संकलित परीक्षा – I (2016-17)

## हिन्दी 'ब'

## कक्षा – X

निर्धारित समय : 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 90

निर्देश :

(1) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

### खण्ड-क ( अपठित बोध )

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—** 12

प्रेम एक परम सौंदर्यपूर्ण सुनहली अनुभूति है। इसकी कोई व्याख्या नहीं है। बस, इसका होना ही पर्याप्त है, पर अनुभव को अभिव्यक्त करने के लिए इसे वाणी में या शब्दों में उतारना पड़ता है। इसे उकेरा तो नहीं जा सकता है, हाँ इसकी झीनी-सी एक झलक-झाँकी देखी-दिखाई जा सकती है। अनुभव करने वाले जानते हैं कि प्रेम सार्वकालिक, सर्वव्यापी और अपनी मूल प्रकृति में मंगलकारी भी है। इसकी ऊर्जा अनंत, अक्षत एवं अक्षय है। प्रेम जब जीवन में प्रवेश करता है, तब सारी दिशाएँ मुस्कराहट से भर उठती हैं, शिराओं में उत्साह एवं उमंगें हिलोरें लेने लगती हैं। प्रेम ने बहुतों के जीवन का रुख बदल दिया। किसी को कविता की राह दिखाई तो कोई क्रांति व कला के रास्ते पर चल निकला।

प्रेम एक अनबूझ पहेली है। पहेली इसलिए कि इसकी कोई तर्कसंगत विवेचना नहीं है। यह एक जादुई एहसास है, जो ज़िंदगी की हर धुन को और मधुर बना देती है। शेक्सपियर के शब्दों में 'प्रेम भाग्यवश होता है' क्योंकि यह शरीर का नहीं आत्मा का मिलन है। प्रतिदान नहीं सर्वस्व समर्पण है।

(i) प्रेम की व्याख्या क्यों नहीं की जा सकती ?

(ii) प्रेम को अनुभव करने वालों ने इसे कैसा बताया है ?

(iii) प्रेम के जीवन में प्रवेश करने पर क्या परिवर्तन आता है ?

(iv) प्रेम ने लोगों के जीवन का रूख कैसे-कैसे बदल दिया ?

(v) 'प्रेम' की दो विशेषताएँ लिखिए।

(vi) किस लेखक ने इसे सर्वस्व समर्पण कहा है और क्यों ?

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—** 8

भिनसारे जब —
बँसवारी के उस पार,
जंगली मुर्गा बाँग देता है —
सुरगई आसमान की
गोद में, तब
सूरज अँगड़ाई लेने लगता है,
बज उठती हैं
मंदिर में घंटियाँ —

Downloaded from http://jsuniltutorial.weebly.com/

और मस्जिद में सुनाई देने लगता है —
अजान का स्वर,
गुरुद्वारे में, सबद-कीर्तन होने
लगता है,
और जाग जाता है — चर्च भी,
लेकिन आज तक किसी ने भी —
उस मुर्गे का मजहब नहीं पूछा,
बाँग की भाषा क्या है ?
नहीं जाना है,
बँसवारी से गुज़रती तेज हवा
बन जाती है, संगीत
और मुर्गा बस नाचने लगता है
शाम होने तक
जब, अँधियारे की चादर ओढ़
सूरज चला जाता है, सोने
तब उसे जगाने के लिए
जंगली मुर्गा रात भर बेचैन रहता है
बेचारा मुर्गा।

(i) मंदिर, मसजिद, गुरुद्वारे तथा चर्च किस लिए होते हैं तथा किन-किन धर्मों से संबंध रखते हैं? उनमें होने वाले कार्य-कलाप कब प्रारंभ होते हैं?

(ii) "सूरज के अँगड़ाई लेने" का भाव स्पष्ट कीजिए तथा बताइए कि उसके उगने से पूर्व आसमान कैसा हो जाता है?

(iii) जंगली मुर्गे की बेचैनी का कारण बताइए, पद्यांश में उसकी किस विशेषता का उल्लेख किया गया है?

(iv) कविता में निहित संदेश को स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड-ख ( व्यावहारिक व्याकरण )

3 निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए- 3

(क) परिश्रमी कभी भूखे नहीं मरते।
(मिश्र वाक्य में)

(ख) उसका बेटा ~~ऐसा है जो~~ सबसे समझदार है।
(सरल वाक्य में)

(ग) वह फल खरीदने बाज़ार गया।
(संयुक्त वाक्य में)

4 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 4

(क) आप कल कितना आम खाया ?

(ख) उसने विद्यालय नहीं जाना है।

(ग) मैंने अनेकों ग्रंथ पढ़े हैं।

(घ) कक्षा में बीस लड़का पढ़ता है।

5 (क) निम्नलिखित समस्त-पदों का विग्रह कीजिए व समास का नाम लिखिए - 4

Downloaded from http://jsuniltutorial.weebly.com/ 

भला-बुरा, शोकातुर

(ख) निम्नलिखित शब्दों से समस्तपद बनाइए तथा समास का नाम लिखिए -

शास्त्र में प्रवीण,

खट्टा और मीठा

6 (क) शब्द की परिभाषा लिखिए। 2

(ख) रेखांकित का पद-परिचय दीजिए।

दो लड़के खेल रहे हैं।

7 निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए : 2

(क) चेहरे का रंग उड़ना।

(ख) छठी का दूध याद आना।

## खण्ड-ग ( पाठ्य-पुस्तक )

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2+2+1)

8a 'बड़े भाई साहब' कहानी में लेखक ने शिक्षा पर क्या व्यंग्य किया है ? 2

8b शैलेन्द्र किस प्रकार के गीतकार थे ? 2

8c तताँरा और वामीरो नियमत: कहाँ मिलते थे ? 1

9 'बड़े भाई साहब' कहानी में छोटे-बड़े भाइयों में पढ़ाई को लेकर एक प्रतिस्पर्धा चलती रहती है। आपने भी इसी तरह की कशमकश का अनुभव अपने निजी जीवन में किया होगा, उसे अपने शब्दों में लिखिए। 5

10 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(2+2+1) 5

कुछ समय बाद पासा गाँव में 'पशु-पर्व' का आयोजन हुआ। पशु-पर्व में हृष्ट-पुष्ट पशुओं के प्रदर्शन के अतिरिक्त पशुओं से युवकों की शक्ति परीक्षा प्रतियोगिता भी होती है। वर्ष में एक बार सभी गाँव के लोग हिस्सा लेते हैं। बाद में नृत्य-संगीत और भोजन का भी आयोजन होता है। शाम से सभी लोग पासा में एकत्रित होने लगे। धीरे धीरे विभिन्न कार्यक्रम शुरू हुए। तताँरा का मन इन कार्यक्रमों में तनिक न था। उसकी व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढ़ने में व्यस्त थीं। नारियल के झुंड के पीछे एक पेड़ के पीछे से उसे जैसे कोई झाँकता दिखा। वह वामीरो थी जो भयवश सामने आने में झिझक रही थी।

(1) सभी गाँवों के लोग किस उत्सव में हिस्सा लेते थे ? उसमें 'पशु-पर्व' में क्या-क्या होता था ?

(2) ततॉरा का मन कार्यक्रम में क्यों नहीं लग रहा था ?

(3) वामीरो सामने क्यों नहीं आ रही थी ?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2+2+1)

11a मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रूप सौन्दर्य का वर्णन कैसे किया है। अपने शब्दों में लिखिए। 2

11b 'पर्वत प्रदेश में पावस' के दृश्यों को कवि ने इंद्रजाल क्यों कहा है ? 2

11c तोप पर पक्षियों का चहचहाना क्या प्रकट करता है ? बताइए। 1

12 कबीर के अनुसार ईश्वर को पाने के लिए 'अहम्' छोड़ना अति आवश्यक है, आप विचारपूर्वक लिखिए कि क्या सामाजिक संबंधों में भी अहंकार के कारण बाधा आती है ? 5

13 परिवार की स्वार्थपरता तथा हरिहर काका की उपेक्षा एवं उचित देखरेख न किए जाने के वर्णन को पढ़कर आपके मन पर क्या और कैसा प्रभाव पड़ता है ? अपने घर में आप ऐसी स्थिति को कैसे सँभालते ? 5

## खण्ड-घ ( लेखन )

दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

JSUNIL TUTORIAL

14 **दुविधा में दोनों गए माया मिली न राम**

- उक्ति का अर्थ
- एक लक्ष्य से सफलता संभव
- दो लक्ष्यों से दुविधा
- दुविधा से शक्तियों का बँटवारा
- भ्रम, अपना मत

**अथवा**

**बीता अवसर हाथ नहीं आता**

- समय सीमित तथा निश्चित
- समय लौटता नहीं
- उचित समय का उचित लाभ लेना आवश्यक
- कोई उदाहरण या सूक्ति

**अथवा**

मेट्रो रेल

- परियोजना का प्रारंभ
- लोकप्रियता
- लाभ

15 अपने क्षेत्र में सार्वजनिक पुस्तकालय एवं वाचनालय खोलने की प्रार्थना करते हुए शिक्षा विभाग के सचिव को पत्र लिखिए। 5

16 सूचना-पट के लिए छात्र सचिव की ओर से सूचना बनाइए कि विद्यालय में 'आशुभाषण' प्रतियोगिता में विद्यार्थी किस प्रकार भाग लेंगे। किसे, कब और कहाँ संपर्क करें, यह भी लिखिए। (20 - 30 शब्दों में) 5

17 नए फैशन के गहनों पर दो सहेलियों के मध्य होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

18 आपका अंग्रेजी और हिन्दी दोनों भाषाओं का ज्ञान उच्च कोटि का है। आप अपने भाषा ज्ञान का लाभ उठाकर गर्मियों की छुट्टियों में अर्थोपार्जन करना चाहते है। एक विज्ञापन लगभग 20 - 25 शब्दों में लिखिए। 5

-o0o0o0o-

JSUNIL TUTORIAL